हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 1 फरवरी 2024

04 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने देवास...



07 सफाई कर्मचारी संघ ने नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन





### विद्युत पोल भी बन रहे चौड़ीकरण में बाधक, सड़क से दूर शिफ्ट करने की जरूरत

## अतिक्रमण हटाने के बाद अब मुक्त हुई जगह पर सड़क बनाने की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर परिषद द्वारा राजस्व विभाग व पुलिस के सहयोग से नगर के मुख्य मार्गों से स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। अब अतिक्रमण से मुक्त हुई जगह पर सड़क बनाने की आवश्यकता है, जिससे मार्ग चौड़ीकरण हो सके। इसमें सड़क किनारे लगे विद्युत पोल भी बाधक बने हुए हैं, जिन्हें सड़क से दूर शिफ्ट करने की आवश्यकता है। यदि ऐसा नहीं होता है तो आने वाले दिनों में फिर से अतिक्रमण होने की संभावना बन सकती है।

यातायात सुव्यवस्थित करने के लिए मार्ग चौड़ीकरण के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा लगभग एक पखवाड़े पूर्व नगर के मुख्य मार्गों लखुंदर नदी की पुलिया से शिवाजी चौराहा, शिवाजी चौराहा से गणेश चौराहा एवं शिवाजी चौराहे से अंबेडकर चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाकर स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाये गए थे। इससे लखुंदर नदी की पुलिया से गणेश चौराहे तक सड़क के दोनों ओर काफी जगह खाली हो चुकी है। अब इस खाली हुई जगह पर नगर परिषद को सड़क चौड़ीकरण किया जाना चाहिए ताकि यातायात सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य को प्राप्त किया जा सके। इस मार्ग पर पूर्व से ही सड़क किनारे विद्युत पोल लगे हुए हैं जोकि यातायात में तो बाधक बनते ही है अतिक्रमण में भी सहायक होते हैं। नगर परिषद को इन विद्युत पोलों को सड़क से दूर शिफ्ट करवाने की कार्यवाही भी की जाना चाहिये जिससे अतिक्रमण हटाने का लाभ मिल सके।

जानकारी के अनुसार लखुंदर नदी से शिवाजी चौराहे तक सड़क के 3-3 मीटर दोनों ओर चौड़ीकरण की टेंडर प्रक्रिया हो चुकी है, जिसका कार्य प्रारंभ होने वाला है। इसी प्रकार के चौड़ीकरण के कार्य की दरकार शेष मार्गों पर भी है। यदि नगर परिषद मार्ग चौड़ीकरण एवं विद्युत पोल की शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र नहीं करता है तो फिर से मार्ग पर अतिक्रमण की संभावना बनी रहेगी।

**जुर्माने की मुनादी का असर नहीं**



नगर परिषद द्वारा गत दिनों नगर में मुनादी करवाई गई थी। जिसमें बताया गया था कि उक्त मार्ग पर फिर से स्थाई अथवा अस्थाई अतिक्रमण किया जाता है तो जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी, लेकिन उसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। क्योंकि उक्त चिन्हित मार्गों पर धीरे-धीरे अस्थाई अतिक्रमण पुनः प्रारंभ हो चुका है।



## लोगों को आ रही राजस्व संबंधी समस्याएं दूर करने के अपर कलेक्टर ने दिए निर्देश

**राजस्व महाअभियान की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**आगर-मालवा।** जिले में 29 फरवरी तक आयोजित हो रहे राजस्व महाअभियान में लोगों की राजस्व संबंधी समस्याओं को दूर करें, अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे की ग्रामीणजन अपनी समस्याओं का निराकरण अभियान अन्तर्गत करवा सके। यह निर्देश अपर कलेक्टर आरपी वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण करें, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज करवाएं, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया जाए। राजस्व अधिकारी न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण करें। ऐसे भू-स्वामी, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है, परंतु उनके उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है, महाअभियान में उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को दर्ज कर निराकरण किया जाएगा। बैठक में एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढ़ोके, अधीक्षक भू-अभिलेख प्रीति चौहान, तहसीलदार आलोक वर्मा, नायब तहसीलदार, आरआई एवं पटवारी उपस्थित रहे।

## धनिया-रायड़ा फसल पर लगने वाले मोयला मच्छरों से नागरिक परेशान

**नलखेड़ा।** इन दिनों नगर में मोयला मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिसके कारण दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले राहगीर भी परेशान हैं। प्रतिवर्ष के अनुसार इस बार भी धनिया, रायड़ा आदि फसलों में लगने वाला मोयला मच्छर नगर में प्रवेश कर रहा है। प्रतिदिन सुबह-शाम बड़ी तादात में हवा के साथ यह मोयला उड़ रहा है, जोकि दोपहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले राहगीरों को भी परेशान कर रहा है। यह मोयला मच्छर राह चलते लोगों की आंखों घुस रहा है। जिसके कारण लोगों को आंखों में जलन हो रही है।

कई बार दोपहिया वाहन चालक की आंखों में अचानक गिर जाने से उन्हें तत्काल अपने वाहन के ब्रेक लगाने पड़ रहे है जिससे दुर्घटना की भी आशंका बढ़ रही है। कई लोग इनसे बचने के लिए चश्मे का एवं चेहरे पर दुपट्टा बांध रहे है। लेकिन इनका प्रकोप इतना अधिक है कि ये बालों के साथ साथ कपड़ों के अंदर तक भी पहुंच रहे हैं। नागरिकों ने नगर परिषद से मोयला मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए फॉगिंग मशीन से सुबह शाम धुंआ करने की भी मांग की है।



## निर्माणाधीन 126 गौशालाओं को पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

**मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन गौशालाओं की समीक्षा बैठक आयोजित**







जिला पंचायत सभा कक्ष में कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बैठक लेकर जिले में मनरेगा से स्वीकृत समस्त गौशालाओं की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर द्वारा मनरेगा अंतर्गत प्रगतिरत गौशालाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने एवं जो गौशलाएं भौतिक रूप से पूर्ण हो गई परंतु संचालित नहीं उनका संचालन किए जाने के लिए समय सीमा निर्धारित की गई। साथ ही सीईओ जनपद को गौशालाओं का पंजीयन गौ संवर्धन बोर्ड में करवाने एवं जो गौशालाओ ग्राम आबादी से दूरी पर है उनमें बिजली, पानी की व्यवस्था का जायजा लिया जाकर अधीक्षण यंत्री को गौशालाओ में बिजली के लिए ट्रांसफार्मर के स्टीमेट तैयार करने निर्देशित किया। बतादें कि जिले में 126 गौशाला मनरेगा से स्वीकृत की गई, जिन्हे मार्च 2024 तक पूर्ण करवाकर संचालित करवाने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे मनरेगा से निर्मित गौशालाओं में निर्धारित क्षमता अनुसार निराश्रित गौवंश का भरण पोषण किया जा सके। साथ ही आंगनवाड़ी भवन निर्माण पूर्ण करने व मनरेगा लेबर बजट का निर्धारित लक्ष्य पूर्णता एवं ग्राम पंचायतों में प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा की गई।

समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, उपायुक्त विकास जितेन्द्र सिंह सेंगर, परियोजना अधिकारी, मनरेगा मनीष सिंह तंवर, सीईओ जनपद स्वर्णकार, शाक्य, बकतारिया, ईई ग्रा.या.से.श्र यादव, अधीक्षण यंत्री विद्युत वीके मालवीय एवं सरपंच, सचिव उपस्थित रहे।

## नवरत्नसागर सूरीश्वर महाराजा की वार्षिक पुण्यतिथि पर पशुओं को चारा खिलाया



**नलखेड़ा।** मालवा भूषण आचार्यश्री नवरत्नसागर सूरीश्वर महाराजा की अष्टम वार्षिक पुण्यतिथि पर नवरत्न परिवार शाखा नलखेड़ा द्वारा जीव दया के कार्य अंतर्गत गायों को घास खिलाई गई। आचार्य देवेश मालव भूषण जन-जन की आस्था एवं श्रद्धा के केन्द्र महान तपस्वी श्री नवरत्न सागर सूरीश्वर जी महाराजा की 8 वीं वार्षिक पुण्यतिथि पर नवरत्न परिवार नलखेड़ा शाखा द्वारा भी जीव दया के कार्य किए गए। नवरत्न परिवार के सदस्यों द्वारा नगर में घूम रहे पशुओं को हरा चारा खिलाया गया।



## सरस्वती विद्या मंदिर का दीक्षांत समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरस्वती विद्या मंदिर नलखेड़ा में कक्षा 12वीं के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नगर के सिंघवी परिवार द्वारा टॉपर भैया बहनों को पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की गई। दीक्षांत समारोह के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद सिंघवी अध्यक्ष नलखेड़ा शिक्षण समिति, मुख्य अतिथि बद्रीसिंह गुर्जर सामाजिक कार्यकर्ता एवं विस्तारक, विशेष अतिथि बलराम पाटीदार पूर्व छात्र एवं शासकीय शिक्षक और प्राचार्य शिवराम प्रजापति की गरिमा में उपस्थित में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

अध्यक्ष सिंधवी ने विद्यालय के नाम को गौरवान्वित करने के लिए श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा सिंघवी परिवार की ओर से कक्षा 12वीं एवं 10 वी के टॉपर भैया बहनों को 5100 रुपए, 5100 रुपए पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की। बलराम पाटीदार ने परीक्षा में प्रश्न पत्र के हल करने और अंक प्राप्त करने के टिप्स बताए। मुख्य अतिथि बद्रीसिंह ने सामाजिक जीवन जीने और ईमानदारी, सत्य निष्ठा, और धरती पर स्वर्ग उतारने जैसी अनेक प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से विद्यार्थियों का प्रबोधन किया।

प्राचार्य शिवराम ने भैया बहनों को देश के गौरवमयी वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुए पॉजिटिव थिंकिंग के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अग्रसर होने की बारीकियां समझते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भैया बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान आचार्य परिवार की गरिमामय उपस्थिति ने सभी भैया बहनों को उत्साहित किया।





## कृषि वैज्ञानिक डॉ दीक्षित ने एफपीओ के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालव

किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मप्र शासन क्रियान्वयन संस्था सोलीडरीडेड भोपाल द्वारा किसान उत्पादक संगठन एवं समूह आधारित व्यापार संगठन सदस्यों का क्षमता वर्धन कार्यक्रम गत दिवस सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक डॉ एके दीक्षित ने एफपीओ के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने कृषि विभाग की योजनाएं एवं एग्रीकल्चर इन्फ्रा ट्रक्चर फंड अनूदान पर 3 प्रतिशत सब्सिडी आदि विभिन्न योजनाओं के अनुदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

जिला रिसोर्स पर्सन बजरंग नागर ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के बारे तथा सोलीडराइडेड से चेतना पथरोड ने संस्था और एफपीओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही अतिथियों द्वारा आत्मा अन्तर्गत नवाचार में किसानों को मृदा नमी सूचक यंत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर समर्थ सीईओ रामसिंह ठाकुर, एलडीएम दिलीपसिंह, बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर राजेंद्र कुशवाह अवंतिका एफपीओ के सीईओ नीरज जाट, मुकेश सूर्यवंशी, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी आगर सुसनेर, बीटीएम आगर वेद प्रकाश सेन, एफपीओ के किसान उपस्थित रहे।



**बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं**

## सागर विद्या निकेतन विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर की शिक्षण संस्था सागर विद्या निकेतन में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया बहनों द्वारा रंगमंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू जागरण मंच के पूर्व नगर अध्यक्ष और नलखेड़ा वार्ड नंबर 15 की पार्षद श्रीमती वंदना जायसवाल उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार फाफरिया द्वारा की गई। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय की दीदी अनीता धाड़ीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भैया बहनों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। छात्राओं द्वारा राम आएंगें तो अवध सजाएंगे की प्रस्तुति ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर संस्था संचालक संजय फाफरिया, सहसंचालक विकास प्रजापति, प्राचार्य ओमप्रकाश शर्मा एवं अभिभावक गण तथा विद्यालय शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### विकासखंड में अभियान अंतर्गत 13320 बच्चों को दी जाना है सेवाएं

## नलखेड़ा विखं में दस्तक अभियान का शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश सरकार द्वारा 30 जनवरी से 28 फरवरी तक चलने वाले दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ सिविल अस्पताल नलखेड़ा में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव द्वारा बच्चों को विटामिन 'ए' का अनुपूरण कर किया गया। नलखेड़ा विकासखंड में अभियान अंतर्गत 13320 बच्चों को सेवाएं दी जाना है। विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक जितेन्द्र जैन द्वारा बताया गया कि दस्तक अभियान अंतर्गत शासकीय चिकित्सालय पर दी जाने वाली सेवाओं में 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन 'ए' का अनुपूरण किया जाएगा तथा प्रथम चरण में चिन्हित एनिमिक बच्चों का फॉलो उप एवं प्रबंधन किया जाएगा।

चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव ने बताया कि बच्चों में विटामिन 'ए' अनुपूरण के कई लाभ होंगे। जिसमें यहां बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक, बच्चों की वृद्धि एवं विकास में सहायक, आँखों संबंधी समस्या के निदान में सहायक, मीजल्स से होने वाली मृत्यु में कमी, विटामिन 'ए' के अनुपूरण से 20% शिशु मृत्यु को कम किया जा सकता है। दस्तक अभियान में एएनएम द्वारा तथा एएनएम की निगरानी में आशा, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सेवाएं दी जावेगी।

ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दिन विटामिन 'ए' का अनुपूरण तथा शेष सेवाये दी जावेगी छूटे हुए बच्चों को दूसरे दिन मॉप अप दिवस के दिन कवर किया जाएगा। अभियान की मॉनिटरिंग विकासखंड स्तर से मुख़्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास विभाग, चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंध, विकासखंड कम्युनिटी मोबिलाइजर, खंड विस्तार प्रशिक्षक, आरबीएसके टीम सेक्टर सुपरवाईजर, सीएचओ, आशा सुपर वाइजर द्वारा किया जाएगा। शुभारम्भ के अवसर पर डॉ नीरज चौहान, डॉ अरुण अहिरवार, डॉ विनोद मालवीय, अनुराधा परमार, मोना सर्वेकर, जितेन्द्र जैन, ममता सोनिया, रोहित शर्मा, सुनील गुर्जर सहित सिविल अस्पताल नलखेड़ा का समस्त स्टॉफ उपस्थित था।



**खबर संक्षेप**

## वेतन नहीं मिलने पर महापौर से की शिकायत

**देवास।** शहर के 45 ही वार्डों मे कचरा संग्रहण की गाड़ियों से गीला, सुखा कचरा एकत्रित किया जाता है। जिसमें दिन के साथ साथ दूसरी पाली मे भी कचरा संग्रहण किया जाता है साथ ही व्यावसायिक क्षेत्रों मे रात्रिकालीन समय मे कचरा संग्रहण किया जाता है। इस हेतु कचरा संग्रहण वाहनों पर ड्राईवर एवं हेल्परों की आवश्यकता को देखते हुए निगम द्वारा निविदा के माध्यम से वाहनों पर ड्राईवर एवं हेल्परों की व्यवस्था की जाती है। इस हेतु वाहनों पर ड्रायवरों व हेल्परों की व्यवस्था के लिए आमंत्रित निविदा मे तुलसियान सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड इंदौर द्वारा भाग लेकर कार्य प्रारंभ किया। जिसमे कचरा संग्रहण वाहनों पर एवं आवश्यकता अनुसार अन्य आवश्यक वाहनों पर कार्य करने हेतु ठेकेदार (तुलसीयान) द्वारा ड्राइवर एवं हेल्पर टेण्डर स्वीकृत दर पर दिए गए। ठेकेदार के द्वारा वाहनों पर दिये गये ड्रायवरों एवं हेल्परों द्वारा उनकों उनके कार्य का वेतन विगत माह से नही दिए जाने की शिकायत ड्रायवरों एवं हेल्परों द्वारा महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल से करते हुए ठेकेदार से वेतन दिलाने हेतु निवेदन ड्रयवरो एवं हेल्परों ने किया। महापौर ने शिकायत को संज्ञान मे लेकर त्वरित कार्यवाही किये जाने का आश्वासन आउट सोर्स के ड्रायवरों एवं हेल्परों को दिया। महापौर ने आयुक्त रजनीश कसेरा से चर्चा कर संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने बताया कि निगम की वित्तीय स्थिति ठीक नही होने पर भी तुलसीयान सिक्योरिटी प्रायवेट लिमिटेड इन्दौर ठेकेदार को विगत साढे तीन माह मे लगभग 42 लाख रूपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है जो भुगतान की जाने वाली सर्वाधिक राशि है। ठेकेदार द्वारा उनके दिये गये ड्रायवरों व हेल्परों को उनका वेतन नही दिया गया। आयुक्त ने यह भी कहा कि घर घर कचरा संग्रहण एकत्रित करना भी अत्यंत आवश्यक है। आयुक्त ने ठेकेदार की लापरवाही को लेकर पूर्व मे भी हिदायत दी गई थी तथा सूचना पत्र दिया किन्तु ठेकेदार द्वारा पुनरू लापरवाही की जाने पर संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही मे ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किया जावेगा साथ ही आउट सोर्स से लिये जाने वाले कर्मचारियों की समस्त निविदायें भी निरस्त की जावेगी। महापौर ने कहा कि शहरवासियों को निगम द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं को सुचारू रूप से चलाने का हर हरसंभव प्रयास रहेगा।

### लोकसभा निर्वाचन के चलते जिले में ईवीएम, वीवीपीएटी की एफएलसी जारी

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने देवास में एफएलसी कार्य का किया निरीक्षण

आनंद नगर उज्जैन रोड देवास ईवीएम वेयर हाउस (गोडाउन) पहुंच कर एफएलसी प्रक्रिया का अवलोकन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिले में ईवीएम, व्हीव्हीपीएटी की एफएलसी की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आनंद नगर उज्जैन रोड देवास ईवीएम वेयर हाउस (गोडाउन) पहुँच कर एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता ने 29 जनवरी से चल रहे ईवीएम की एफएलसी कार्य के बारे में विस्तार से अवगत कराया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने इस दौरान मॉकपोल कर ईवीएम संचालन की प्रक्रिया देखी।

उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट सहित अन्य कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। राजन ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा के साथ ही सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था भी देखी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल अनुपम राजन ने ईवीएम वेयरहाउस में मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच का निरीक्षण किया जाकर उक्त प्रकिया से संतुष्टि जताई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल राजन ने संबंधित अधिकारियों को एफएलसी के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने एफएलसी कार्य के निरीक्षण के दौरान उपस्थित राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की और उन्हें एफएलसी कार्य के दौरान नियमित उपस्थिति के लिए कहा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को एफएलसी के दौरान समय समय पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूचित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका मिमरोट, राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी के मनोहर जाधव, बहुजन समाज पार्टी के संजय सांगते, आम आदमी पार्टी के दीपक मालवीय उपस्थित थे।

# पुलिस व आबकारी विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

### अवैध शराब के विक्रय, संग्रहण व परिवहन करने वालों पर हुई कार्रवाई



**देवास।** अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस और अबकारी अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में अवैध शराब के विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन करने वालों पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि थाना औद्योगिक क्षेत्र एवं थाना बरोठा एवं आबकारी विभाग द्वारा बुधवार को अलसुबह ग्राम भड़ापिपलिया में अवैध कच्ची मदिरा के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई की गई, जिसमें कुल पांच प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं।

कार्रवाई में दो महत्वपूर्ण प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत थाना बरोठा के द्वारा पंजीबद्ध किए गए, जिसमें क्रमशः गुड्डी पति विजय एवं निर्मल पिता राजेश के विरुद्ध 70-70 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा का प्रकरण कायम किया गया है। इसी प्रकार तीन प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में कल 145 लीटर कच्ची हाथ भट्टी मदिरा एवं 350 किलो महुआ लहान जप्त किया गया।

जप्त सामग्री का अनुमानित मूल्य लगभग 64 हजार रुपए है। आज की कार्रवाई में थाना औद्योगिक क्षेत्र के निरीक्षक शशिकांत चौरसिया, थाना बरोठा निरीक्षक राजेश गोयल, आबकारी उपनिरीक्षक विजय कुचेरिया, राजकुमारी मंडलोई, निधि शर्मा, प्रेम नारायण यादव एवं कैलाश जामोद सहायक उप निरीक्षक एम.एस मंडलोई प्रधान आरक्षक पुलिस अनिल, राजेंद्र, संतोष सुनील आबकारी प्रधान आरक्षक राजाराम रैकवार एवं दीपक धुरिया आरक्षक पीयूष, पवन, आदर्श, बालकृष्ण जायसवाल, विकास गौतम, गुरुदत्त वर्मा, दीपक टटवाड़े, सैनिक शेखर, संजीव, किशोर, अनिल, अनिल एवं पुलिस लाइन का स्टाफ उपस्थित थे। आबकारी विभाग का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# अवैध उत्खनन, भंडारण व परिवहन करने वालों पर की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिले में अवैध उत्खनन करने वाले, अवैध भंडारण तथा अवैध परिवहन करने वालों पर सतत कार्रवाई की जा रही हैं। जिला खनिज अधिकारी ने बताया इसी के तहत खनिज विभाग, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले अंतर्गत अवैध उत्खनन, अवैध भंडारण तथा अवैध परिवहन में सतत कार्यवाही की जाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30 जनवरी 2024 तक अवैध उत्खनन के 23 प्रकरण दर्ज कर 5,70,000 रुपए से अधिक, अवैध भण्डारण के 19 प्रकरण दर्ज कर 36,25,152 रुपए तथा अवैध परिवहन/ ओव्हरलोड वाहनों के 175 प्रकरण दर्ज कर 1,51,66,229 रुपए से अधिक अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाकर जमा कराया गया है।जिला खनिज अधिकारी ने बताया दिनांक 28 जनवरी 2024 को सी.एम. हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत पर राजकुमार वराठे द्वारा नर्मदा नदी तुरनाल घाट खातेगांव से अवैध उत्खनन करते हुए पाए जाने पर 4 ट्रेक्टर जप्त कर थाना नेमावर की अभिरक्षा में खड़े किये गए। जिनपर खनिज नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर कलेक्टर महोदय के न्यायालय में प्रेषित किये जा रहे है।इसी प्रकार दिनांक 30 जनवरी 2024 को अवैध उत्खनन परिवहन की शिकायत प्राप्त होने पर खनिज विभाग में पदस्थ खनिज अधिकारी रश्मि पाण्डेय, गणेश विश्वकर्मा तथा राजकुमार वराठे द्वारा थाना डबलचौकी में ओव्हरलोड के 4 डम्पर जप्त कर रखे गए। सतवास खातेगांव में भ्रमण के दौरान एक ट्रेक्टर रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर तथा एक डम्पर गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त कर थाना सतवास की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। शासन, संचालक तथा कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, अवैध भंडारण तथा अवैध परिवहन में सतत कार्यवाही किये जाने के निर्देश है। जिससे अधिक से अधिक राजस्व वसूल किया जा सके यह कार्यवाही लगातार जारी रखी जाएं।

**चार दिवसीय वार्षिक उत्सव आज से:** देवास। आनंद बाग स्थित सद्गुरू शीलनाथ जी का वार्षिक उत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विविध आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। मनीष पारीक एवं पं. जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 1 से 4 फरवरी तक होने वाले आयोजन अंतर्गत स्थानीय आनंद बाग स्थित प्राचीन धुनि स्थल पर 1 फरवरी को प्रातः 8 बजे अभिषेक एवं हवन पूजन कर आयोजन की शुरूआत की जाएगी। 2 फरवरी को सायं 7 बजे निर्गुणी भजन, 3 फरवरी को संध्या 7 बजे सुंदरकांड पाठ एवं 4 फरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे महाआरती के साथ महाप्रसादी का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन होगा। उक्त आयोजन समस्त गुरूभक्तो के सहयोग से होगा।

# नशामुक्ति जागरुगता गतिविधियों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा नशा मुक्त अभियान के मास्टर ट्रेनर प्रो राकेश कोटिया,प्रो जितेंद्र सिंह राजपुत ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रत्न सिंह अनारे के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय विभाग भोपाल और जिला प्रशासन से प्राप्त आदेश अनुसार मघ निषेध संकल्प दिवस पर नशे की मार धापू बाई का परिवार पर आधारित नुक्कड़ नाटक करवाया।

उक्त नाटक में नशे से सर्वाधिक महिला प्रभावित होती है का मंचन महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक शैली दिरवाया, प्रमोद करवरिया, गीतिका बुंदेला, निखिल मालवीय तनुजा राठौर, राकेश काजले, पपीता पंवार, चांदनी लोधी, शशि इवने, पंकज मालवीय, संजना लोधी द्वारा प्रस्तुत किया गया। नशे की मार धापू बाई का परिवार नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को संदेश दिया की जो नशा करते है,वो स्वयं तो बर्बाद होते ही हे साथ ही घर परिवार भी बर्बाद हो जाता है। इसी के साथ जगरुगता के लिए संकल्प पत्र, शपथ पत्र भरवा कर छात्र छात्राओं को मघ निषेध की शपथ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. राकेश कोटिया ने दिलवाई, नशा मुक्ति मास्टर ट्रेनर प्रो जितेंद्र सिंह राजपूत ने नशा के दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ आर के मराठा,डॉ रश्मि ठाकुर,डॉ जारीना लोहावाला,डॉ सीमा सोनी,डॉ दीप्ति धवले,डॉ मनोज सोनगरा,डॉ सत्यम सोनी, नीरज जैन, एनसीसी अधिकारी डॉ संजय गाडगे, डॉ लता धुपकरिया, डॉ नुसरत सुल्ताना, डॉ मोनिका वैष्णव, डॉ टीना धारीवाल इत्यादि उपस्तीथ थे। 70 छात्र छात्राओं ने नाटक देख, शे से दूर रहने के लिए प्रेरित हुए।

# चित्रकला विभाग ने रेड रिबन क्लब के द्वारा पोस्टर और नारे लेखन प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से संचालित ,रेड रिबन क्लब के द्वारा पोस्टर और नारे लेखन प्रतियोगिता का आयोजन चित्रकला विभाग के द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे के मार्गदर्शन में किया गया गया। चित्रकला की विभागाध्यक्ष डॉ प्रतीमा रायकवार ने बताया कि पोस्टर और नारे लेखन प्रतियोगिता का विषय रक्तदान जीवन दान था,इस में लगभग 45 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की,सभी ने रक्तदान जागरूगता का संदेश देने वाले पोस्टर और नारे लिखे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो राकेश कोटिया ने रक्त दान जीवन दान विषय पर संबोधित करते हुए कहा की जो भी रक्त दान करता है,उसकी पूर्ति उसके शरीर में बहुत जल्दी हो जाती है। आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम करिश्मा व्यास द्वितीय आशा चौधरी तृतीय प्रमोद करवारिय ने स्थान प्राप्त। किया साथ ही प्रोत्साहन सुनील गवाटीया,नितेश अहिरवार को मिला। इन सभी को प्राचार्य डॉ रतन सिंह अनारे द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल दे कर सम्मानित किया, बाकी सभी सहभागिता करने वालो को प्रमाण पत्र दिए गए उक्त जानकारी रेड रिबन क्लब प्रभारी ने दी।

# एसोसिएशन व खिलाड़ियों ने किया स्वागत, सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव पवन यादव ने बताया कि देवास जिला साइकिलिंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अभिषेक लाठी ने बहु प्रतिष्ठित मुंबई मैराथन में फुल मैराथन 42 किलोमीटर 5 घंटे 19 मिनट में पूर्ण कर देवास शहर का नाम रोशन किया, तो वही अध्यक्ष आशीष गुप्ता हाफ मैराथन 21 किलोमीटर पूर्ण की तथा 100 दिन चलने वाले साइकिलिंग प्रतियोगिता में अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने 100 दिन में 7500 किलोमीटर साइकिल चलाकर मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया व विश्व भर में अपनी आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया।

दोनो ही पदाधिकारियों का स्वागत ओर सम्मान एसोसिएशन के सचिव पवन यादव, सह सचिव पावन पाटिल, सैंडी एकेडमी के पदाधिकारी राजवीर ठाकुर, देवराज सांगते, रश्मि ठाकुर, हर्षिता कौशल, विशाल सिंह, हरिप्रिया यादव, ओर स्केटिंग एवं रग्बी के खिलाड़ियों की उपस्थिति में हुआ, इस हेतु एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौरव कदम, देवास जिला प्रेस क्लब सचिव चेतन राठौड़, के टी जी के समाचार के संवादाता लखन दास बैरागी, सदस्य शैलेंद्र चंद्रवंशी, उर्वशी मंडलोई, किरण राव, प्रियांशी कदम, रैना कौशल, सुनील मालवीय, तन्मय मेहता, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रितिक मुकाती, ऋतुराज सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, निखिल सिंह, साक्षी चौहान, प्रियंका ठाकुर, शीतल चौधरी, आलोक कुमार सिंह, लखन योगी आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### अमरपुरा शामावि की बालिकाओं ने लघु नाटिका की दी प्रस्तुति, हुईं पुरस्कृत

# संदेश: सोशल मीडिया की लत मानव जीवन के लिए हानिकारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला शिक्षा केंद्र देवास द्वारा स्थानीय नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 में ब्लॉक स्तर पर चयनित कक्षा 6 से 12 वी में अध्ययन करने वाले बच्चो की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। अमरपुरा स्कूल के प्रधानाध्यापक विक्रमसिंह मालवीय ने बताया कि प्रदर्शनी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अमरपुरा की बालिकाओं ने लघु नाटिका का उत्कृष्ट मंचन कर पुरस्कृत हुई। कन्नौद, खातेगांव, बागली, टोंकखुर्द, सोनकच्छ, देवास विकासखंड से लगभग 100 चयनित बच्चो ने अपने विज्ञान,गणित, पर्यावरण एवम सामाजिक विज्ञान विषय आधारित मॉडल का प्रदर्शन इस दौरान किया। प्रदर्शनी में नाटिका के माध्यम से बच्चो ने संदेश दिया कि आधुनिक समय में मनुष्य सोशल मीडिया और ऑनलाइन दुनिया में इतना व्यस्त होता जा रहा है कि मानव शरीर पर इसके भयंकर दुष्परिणाम होने लगे है। मानसिक बीमारियां बढ़ रही है,छात्र छात्राओं में पढ़ाई में रुचि लेने के बजाय सोशल मीडिया के व्हाट्स एप,फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि पर सक्रिय होकर अपना कीमती समय नष्ट किया जा रहा है, इन सबसे बचने की महती आवश्यकता को दर्शाती लघु नाटिका को देवास जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप जैन, बीआरसी देवास किशोर वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल, बीईओ देवास अजय सोलंकी, प्रतियोगिता नोडल रफत कुरैशी, डॉ. रजनीश पोरवाल, जनशिक्षक वर्षा सिंह नेगी, सहज सरकार, बीएसी गिरीश चौरे,एपीसी रेणु गुप्ता,शीतल मालवीय,आदि वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शासकीय माध्यमिक विद्यालय अमरपुरा से बालिकाओं, विद्यालय प्रधान पाठक एवं शिक्षको को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय शिक्षिका ममता मिमरोट, शिक्षक इंदर सिंह बेसवाल, प्रधान पाठक विक्रम सिंह मालवीय के मार्गदर्शन में बच्चो की लघु नाटिका अमिट छाप छोड़ने में सफल रही। माध्यमिक विद्यालय अमरपुरा के बच्चो की उपलब्धि पर विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक छतर सिंह ठाकुर,यास्मीन खान, रिजवाना खान, शारदा वर्मा, सुषमा बघेल ने शुभकामनाएं दी।


# कोटपा अधिनियम के तहत काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में कोटपा अधिनियम अंतर्गत नागरिकों को समझाइश देकर चालानी कार्रवाई की जा रही है। भारतीय तंबाकू नियंत्रण कानून अंतर्गत जिला अभिहित अधिकारी निर्मला सोमकुंवर खाद्य एवं औषधि प्रशासन देवास ने बताया कि जिला अस्पताल परिसर में कोटपा अधिनियम अंतर्गत आज दिनांक तक चालानी कार्यवाही करते हुए 1830 रूपये के जुर्माने की वसूली हुई।इसी तरह विकासखंड टोंकखुर्द में बुधवार को मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. माया कल्याणी, खंड विस्तार प्रशिक्षक गोवर्धनसिंह पारसनिया ने संयुक्त रूप से तंबाकू सेवन करने वाले एवं तंबाकू से बनी हुए वस्तु एवं पदार्थ सार्वजनिक स्थान पर व शासकीय परिसर के 200 मीटर के अंदर बेचने वालों एवं तंबाकू खाते पाए जाने वालों के ऊपर चालानी कार्रवाई की। चालानी कार्यवाही के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोंकखुर्द परिसर के अंदर टोंकखुर्द के सतीश सिसोदिया एवं ग्राम भूतियाबुजुर्ग के ओमप्रकाश मालवीय को तंबाकू सेवन करते हुए पाए जाने पर उन पर 50-50 रुपए की रसीद काटकर चालानी कार्यवाही की गई तथा उन्हें भविष्य में तंबाकू एवं तंबाकू से बने हुए पदार्थ सिगरेट, गुटका आदि को सेवन न करने की समझाइए दी गई।

**खबर संक्षेप**

## महेंद्र सिंह का साफा बांधकर किया सम्मान



**आष्टा।** जिला पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 का चुनाव परिणाम मंगलवार 30 जनवरी को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में मतगणना के पश्चात परिणाम सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने घोषित किए। जिसमें महेंद्रसिंह इंजीनियर को विजय घोषित किया। उक्त चुनाव में 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे थे। जिसमें विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के सुपुत्र महेंद्र सिंह इंजीनियर ने 6113 मतों से शानदार विजय प्राप्त की। चुनाव परिणाम घोषित होने के पश्चात नपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद रवि शर्मा, पूर्व पार्षद पंकज यादव , कल्लू मुकाती, मनीष धारवां आदि ने साफा बांधकर पुष्पहार पहनाकर स्वागत कर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को बधाई दी।

## कारीगरों और शिल्पकारों को मिलेगी सहायता

**सीहोर।** पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा। साथ ही पहली बार में एक लाख और दूसरी बार में 2 लाख रूपये का सस्ता ऋण मिलेगा। प्रारंभिक प्रशिक्षण 5 से 7 दिन का और 15 दिन का एडवांस प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रूपये प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट भी मिलेगा। प्रशिक्षण के लिये हितग्राहियों के चयन की प्रक्रिया जारी है। योजना के लिये न्यूनतम उम्र 18 वर्ष होना चाहिए। पिछले 5 वर्षों में पीएमईजीपी स्वनिधि एवं मुद्रा योजना के तहत ऋण नहीं लिया हो। सहकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य इस योजना के तहत पात्र नहीं होंगे। एक परिवार से एक ही को लाभ मिलेगा।

### महादेव नर्सिंग कॉलेज की ठगी के शिकार छात्रों ने पुलिस में दर्ज कराए बयान

# महादेव नर्सिंग कॉलेज का संचालक पुलिस के सामने पेश नहीं कर पाया दस्तावेज


### कॉलेज संचालक ने परीक्षा के नाम पर कई छात्रों से वसूली हजारों रूपए की फीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

महादेव नर्सिंग कॉलेज की ठगी के शिकार छात्र छात्राओं के मंगलवार को आष्टा पुलीस ने थाने में बयान दर्ज कराए तो वहीं छात्र छात्राओं ने भी अपने साथ केसे हुई धोखाधड़ी और ठगी को बताया और कॉलेज संचालक को जमा कराई फीस की रसीद की फोटोकॉपी भी दस्तावेज के रूप में सोपी। वहीं फर्जीवाडा कर कई छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाला महादेव नर्सिंग कॉलेज का संचालक 24 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी आष्टा पुलिस को दस्तावेज़ पेश नहीं कर पाया है। दरअसल सोमवार को छात्र संगठन एनएसयूआई के नेताओं के साथ महादेव नर्सिंग कॉलेज में फीस के रुप में मोटी रकम देकर अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं ने महादेव नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आष्टा पुलिस थाने सहित एसडीएम को अपने साथ हुई धोखाधड़ी और ठगी की लिखित में शिकायत की थी। जिसके बाद आष्टा थाना प्रभारी पुष्पेंद्र राठोर ने मीडिया से चर्चा करते हुऐ कहा था की कॉलेज प्रबंधन से कॉलेज की परमिशन, रजिस्ट्रेशन सहित अस्पताल के दस्तावेज मंगवाए है और फिर जांच के बाद ही कार्यवाही की जाएगी!लिहाजा छात्र छात्राओं द्वारा कॉलेज की लिखित शिकायत के बाद से अब तक 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है लेकीन महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालक हर्ष वर्धन सिंह अब तक कॉलेज और अस्पताल से जुडे किसी भी प्रकार के दस्तावेज पुलिस को नहीं सौंपे है।

### न बिल्डिंग न अस्पताल का ठिकाना

इधर हमने जब पड़ताल की तो पता चला महादेव नर्सिंग कॉलेज की ना बिल्डिग का पता था और ना अस्पताल का ठिकाना था। वहीं छात्र छात्राओं से बात की गई तो उन्होने बताया की हमारा एडमिशन सुभाष नगर के एक प्रायवेट स्कूल की बिल्डिंग को बता कर लिया गया था। लेकीन जब



MAHADEV INSTITUTE OF NURSING
Add.: 110, Subhash Nagar Ashta Sehore, Bhopal (M.P.)
Student's Name Mr./Ms. PAWAN parmar
Class B.Sc. NSg.

| S. No. | PARTICULARS | AMOUNT |
|---|---|---|
| | College Fee | |
| | Tuition Fee | |
| | Registration & Prospectus | |
| | Sports | |
| | Book Bank | |
| | Student Fee | |
| | Student Insurance | |
| | Sports | |
| | Membership of Student Chapter | |
| | Cultural Cell | |
| | Identity Card | |
| | Deposit | |
| | Caution Money | |
| D | Other Fee | |
| 1. | Transportation | |
| 2. | Training & Placement | |
| | Total | 10,000/- |

Rs. In Words Ten thousand only
Received Cash/Cheque/DD No. cash Date 29/08/22
Student's Signature
Accountant
Payments by Cheque /DD subject to realization

हमने उक्त बिल्डिंग के मालिक से महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालित होने की जानकारी चाही तो उन्होने सीधे तौर पर कहा की यह अब कोई नर्सिंग कॉलेज संचालित नही होता है और लिहाजा बिल्डिंग के मालिक ने यह जरूर कहा की मई जून से पहले जरूर महादेव नर्सिंग कॉलेज संचालित होता था लेकीन मई जून में हमने उनसे बिल्डिंग खाली करवा ली है। वहीं छात्र छात्राओं ने कहा की महादेव नर्सिंग कॉलेज के संचालक हर्ष वर्धन सिंह ने झूठ कहकर हमे सुभाष वाली बिल्डिग में बुलाया जहां बिल्डिंग मालिक ले भगा दिया।

### संचालक कॉलेज बिल्डिंग और अस्पताल के नाम पर लेता रहा फीस

सोमवार को छात्र संगठन एनएसयूआई के साथ हंगामा करने के बाद आष्टा थाने में की लिखित शिकायत के बाद इधर छात्र छात्राओं को आष्टा पुलिस ने बयान के लिए बुलाया। जहा चार छात्रों ने अपने साथ हुई ठगी के बयान पुलिस में दर्ज कराए तो फीस के नाम पर कोलेज में जमा की गई रकम की रसीदों की फोटो कॉपी पुलिस को सौंपी। जानकारी अनुसार मंगलवार को चार छात्र ठाकुर प्रसाद, नवीन



चौधरी, आनंद मालवीय, पवन परमार ने पुलिस थाने में रसीदों के साथ बयान दर्ज कराए।

### छात्रों ने बताई पीड़ा

छात्र ठाकुर प्रसाद ने बताया की उसका एडमिशन वर्ष 2022-23 में हुआ था वहीं 10 सितम्बर 2023 को 5000 रूपए जमा किए थे कुल और इससे पहले 15000, फिर 10000 रूपय जो कूल मिलाकर 30 हजार रूपए जमा किए थे। वहीं और अन्य छात्र नवीन चौधरी ने 2021 में, आनंद मालवीय, 2022-23 में तो पवन परमार ने 2021 में एडमिशन लिया था। लेकीन आज तक इनके एग्जाम नही हुऐ। इस दौरान छात्र पवन ने 50000 तो आनंद मालवीय ने 42000 हजार रुपए फीस के रूप में जमा कराए थे। लेकीन डेढ़ दो साल बीतने के बाद भी इनके एक्जाम नही हुऐ जबकि इन्हे कॉलेज संचालक ने एक डेढ़ वर्ष में एक्जाम कराने का कहकर एडमिशन लिया था। वही एक छात्र ने तो यह तक बताया की उससे 7 हजार रुपए लिए लेकिन रसीद 4 सिर्फ 5000 रुपए की है बनाकर दी गई। लिहाजा छात्र छात्राओं ने तो अपने बयान दर्ज कराए हे और रुपए जमा कराने की रसीद भी सौंपी है अब देखना दिलचस्प होगा की कॉलेज प्रबंधन पर क्या कार्यवाही होती है।

**आरोप गलत है, जांच होगी**

यह गलत आरोप हे की पुलिस किसी से मिली हुई है, हमने कॉलेज प्रबंधन से दस्तावेज मंगवाए है। संचालक ने अब तक दस्तावेज उपलब्ध नही कराए है। जेसे ही दस्ताबेज आयेगे, पुरे मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छात्र छात्राओं के साथ न्याय होगा।

**आकाश अमलकर,** एसडीओपी

## सफाई कर्मचारी संघ ने नपा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

### कर्मचारियों की समस्या हल करने की मांग



**आष्टा।** सीएमओ राजेश सक्सेना से सफाई कर्मचारियों ने की मुलाकात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी व कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण खिगरवाल, सफाई कर्मचारी कल्याण संघ ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष किशोर डूबाने के नेतृत्व में सफाई कर्मचारी भाइयों की समस्या को लेकर आष्टा सीएमओ राजेश सक्सेना को ज्ञापन दिया। समस्या में प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष अरुण खिगरवाल मांग की है कि पूर्व में 10 से 20 साल वालों को निमित्त करने का आदेश जारी किया गया था जिसका कोई निराकरण नहीं किया गया है। साथ ही पूर्व इस आदेश पर 10 से 20 साल वाले दैनिक वेतन कर्मचारियों को नियमित किया जावे। जो कर्मचारी दैनिक वेतन पर काम कर रहे हैं उन्हें कलेक्टर रेट दिया जावे जिन कर्मचारियों को 10 से 20 साल हो चुके हैं उन्हें सी एल अवकाश प्रदान किया जाए। समय-समय पर कर्मचारी भाइयों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाए सहित अन्य मांगों का ज्ञापन सोया गया। ज्ञापन देने वालो में किशोर डुमाने विजेन्द्र राजपूत, अरुण खिनगरवाल आदि उपस्थित थे।

## व्यापारियों की मनमानी के चलते लोग परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर में स्थित सोसायटी भवन के आस पास वाली जगह पर बालु रेती वाले व्यापारियों ने अब तो हद ही पार कर दी है। रेत व्यापारियों ने रोड़ किनारे ही लगाने लगे रेत का ढेर। आए दिन होने लगे एक्सिडेंट और दो पहिया वाहन फिसलने लगे प्रशासन का नहीं कोई डर। जावर नगर में बालु रेत बेचने वालो की चल रही मनमानी और यह तक आ गए हैं की रेत बेचने वाले को बिल्कुल भी नहीं डर है।

इस कारण आए दिन दो पहीया वाहनों के एक्सीडेंट हो रहे है। गाड़ीयां बालु रेती पर स्लिप भी मार रही है। लेकिन अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। रेत माफिया पुरी तरह से कर रहे धन्दे रोजाना दो पहिया वाहन चालक गिर कर गम्भीर हो रहे हैं। लेकिन प्रशासन का कोई भी अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहा है।

## अतिथि शिक्षकों ने कांग्रेस नेता को सौंपा मांगपत्र

**सीहोर।** भैरूंदा ब्लॉक से बड़ी संख्या में सीहोर आए अतिथि शिक्षकों ने जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व महासचिव पंकज शर्मा को मांगपत्र सौंपा। मांग की गई है कि अतिथि शिक्षक वर्षों से कम वेतन में अपनी सेवाएं शासन को दे रहे हैं उनको तत्काल नियमित किया जाना चाहिए । अतिथि शिक्षकों ने कहा कि कम वेतन के कारण हमारा परिवार चलाना भी मुश्किल हो रहा है तथा सरकार का हमारी ओर कोई ध्यान नहीं है, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 2 सितंबर 2023 को अतिथि शिक्षक महापंचायत में घोषणा की थी कि अब हमारा अनुबंध पूरे 12 महीने के लिए होगा लेकिन वो होना तो दूर उल्टे हमारे कई साथियों को सेवा से हटाए जाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## ग्रीन फील्ड कॉलेज में सीधे प्रसारण का आयोजन



**आष्टा।** राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस पर नवमतदाता के सीधे प्रसारण की व्यवस्था ग्रीन फील्ड कॉलेज में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा नव मतदाताओं को सम्बोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि आपका एक वोट, भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएगा। आपका वोट स्थिर सरकार देगा। बड़े बहुमत वाली सरकार देगा। आपका एक मत डिजिटल क्रान्ति को ऊर्जा देगा। उन्होंने कहा कि 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है। जिसमे जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। इन्हीं बदलावों के मध्य आप सभी को एक बड़ी जिम्मेदारी दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र मैं भागीदारी करनी है।सभी छात्र- छात्राओं के साथ साथ समस्त कॉलेज स्टाफ भी सीधे प्रसारण का सहभागी बना।

## प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को वितरित किए प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तहत छात्राओं को 30 दिवसीय ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर एवं विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी समिति अध्यक्ष निलेश खंडेलवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अतुल शर्मा, विधानसभा विस्तारक लक्ष्मण सिंह राणा, लोकसभा विस्तारक मानू सक्सेना, योगेंद्र ठाकुर, योगेंद्र पटेल, यशवंत ठाकुर, राधेश्याम दाऊ थे।


अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.पुष्पलता मिश्रा ने की। स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सौजन्य से तीस दिवसीय ब्यूटीपार्लर का प्रशिक्षण श्री गंगादास जी स्मृति शिक्षा एवं समाज सेवा समिति की प्रशिक्षिका श्रीमती वंदना भारद्वाज द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत गत 27 दिसंबर 2023 से 25 जनवरी तक प्रतिदिन दो घंटे के मान से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें महाविद्यालय की कुल 60 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। स्वागत भाषण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.पुष्पलता मिश्रा द्वारा प्रेषित करते हुए कहा कि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का प्रथम आगमन महाविद्यालय में हुआ है हम आपका प्रफुल्लित मन से स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि महाविद्यालय के विकास में आपका सकारात्मक सहयोग हमे प्राप्त होगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा विद्यार्थियों को भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आप अपने सपने निर्मित करे और उसे प्राप्त करने के लिए सदा प्रयत्नशील बने। मुझे मेरे पिता ने कक्षा पांचवी में इंजीनियर बनने का सपना दिखाया और उसी दिन मैंने मन में संकल्प ले लिया कि इंजीनियर जरूर बनूंगा और मैं इंजीनियर बना। आज संसाधनों की कमी नहीं है, आवश्यकता सही लक्ष्य व परिश्रम के द्वारा सफलता अर्जित कैसे करे इस विषय पर ध्यान देने की। उन्होंने कहा कि आप सभी युवा है जॉब ओरिएंटेड कोर्स की ओर अपना ध्यान लगाए।

ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण अपने प्राप्त किया इसकी कौशलता आपको मिली है ।आप स्वयं अपना रोजगार भी प्रारंभ कर सकती हैं और अन्य को रोजगार दे सकती हैं। साथ ही छात्राओं को प्रशिक्षण के बाद कार्यरूप में परिणित कर स्वावलंबी बनने के प्रेरणा दी, मेरी शुभकामनाएं आप सभी के साथ है। कार्यक्रम के दौरान डॉ.दीपेश पाठक ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियों के संचालन कार्य नियोजन के बारे में छात्राओं को अवगत कराया और अतिथि परिचय कराते हुए संचालन किया।

प्रथम बार आगमन पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने विधायक श्री इंजीनियर को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम का संचालन संयोजन डॉ.दीपेश पाठक द्वारा किया गया तथा आभार वैभव सुराना ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ.कृपाल विश्वकर्मा, डॉ ललिता राय श्रीवास्तव, डॉ बेला सुराणा, डॉ मेघा जैन, शिवानी मालवीय, डॉ सबिहा अख्तर, वैभव सुराणा, जयपाल विश्वकर्मा, प्रेमसिंह कुंम्भकार, राजेश्वर भूतिया, मुकेश परमार, जितेंद्र विश्वकर्मा, वसीम खान, कुलदीप जाटव, सतेन्द्र सक्सेना, बनेसिंह मेवाडा, राहुल प्रजापति, सुमित भूतिया आदि स्टाफ सदस्य व छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## ठाकुर अर्जुन सिंह बने दूसरी बार मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन के अध्यक्ष




**आष्टा।** मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक एसोसिएशन की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें, पुना एक बार फिर अध्यक्ष ठाकुर अर्जुन सिंह भाटी को बनाया गया। इसी के साथ ही महामंत्री श्रेयांश मनोज पोरवाल, कोषाध्यक्ष भरत देशलहरा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ठाकुर, सचिव रितिक चौरसिया को बनाया गया। सभी पदाधिकारी को बधाई। बधाई देने वालों में प्रदीप जैन, लोकेश यादव, विशाल जैन, पार्षद तेज सिंह राठौर, उदय सिंह भाटी, नवीन पांचाल, अभिषेक आर्य, पंकज मेवाड़ा, महेश सोनी, पुनीत वर्मा, विजय धनगर, अजय पांचाल, विवेक कुशवाह, रोहित ताम्रकार, संदीप जैसवाल, लकी गुप्ता, राहुल जैन, गौरव भुतानिया सहित अन्य शामिल है।

## गीता मात्र हिंदुओं का नहीं विश्व ग्रंथ है: संत रामपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

गीता पवित्र सत्य ग्रंथ है जो अध्यात्म ज्ञान का कोष है। यह ग्रंथ मात्र हिंदुओं का ही नहीं समूचे विश्व का ग्रंथ है, जिसकी उत्पत्ति लगभग 5500 वर्ष पूर्व महाभारत युद्ध के समय हुई थी। विद्वानों ने गीता को पांचवां वेद भी कहा है। मूल गीता में 18 अध्याय तथा 700 से अधिक श्लोक है। समय अनुरूप विश्व का कई विद्वानों ने मूल गीता पर अपने-अपने तरीके से गीता को समझने समझाने के सद प्रयास किए है ।परमात्मा की सत्य साधना करने के लिए सर्वप्रथम गुरु का होना आवश्यक है ।

आदि शंकराचार्य जी का जन्म ईस्वी सन के 508 वर्ष पूर्व हुआ, 8 वर्ष की आयु में उन्हें उपनिषदों का ज्ञान हो गया था ,फिर भी 16 वर्ष की आयु में उन्होंने एक विरक्त साधु से दीक्षा ली। जो एक गुफा में रहते थे उसी महात्मा ने उन्हें बताया की ₹जीव ही ब्रह्म है₹ जिस प्रकार आदि शंकराचार्य को एक गुरु ने राह दिखाई वैसे ही आज तत्व दर्शी गुरु को अपने अपने जीवन में धारण करना चाहिए। आज कई लोग धर्म की त्रुटि पूर्ण व्याख्या कर स्वयं का प्रयोजन तो पूर्ण कर लेते है पर धर्म को हानि पहुंचाते है इस बिंदु पर सतर्कता आवश्यक हैमानस भवन आष्टा में संत रामपाल जी महाराज के सैकड़ों दीक्षित नर नारी उपस्थित हुए। जहां व्यवस्थापको ने आधुनिक संचार व्यवस्था कर ऑन लाइन प्रवचन संत श्री के सुनवाए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार, समाज सेवी सुनील जैन प्रगति, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बापूलाल मालवीय, पार्वती गौ शाला के अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाह, केमिस्ट सूर्य प्रकाश परमार इस आयोजन में विशेष आमंत्रित के रूप में उपस्थित रहे।


जिनका आयोजन समिति की ओर से संतोष दास विश्वकर्मा ,अक्षय दास, माधवदास, मेहरबान दास, पवन दास आदि ने जीवन उपयोगी पुस्तकें भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कैलाश परमार ने कहा की तत्वदर्शी संत को प्रसारण के माध्यम से सुनना नई जानकारियां दे गया , लगभग 1000 से अधिक नर -नारी जितने अनुशासनबद्ध होकर सेवा युक्त सत्संग कर रहे थे।

उन सब के दर्शन करना आत्म विभोर कर गया। संत कबीर के दर्शन को आगे बढ़ाने के लिए संत श्री रामपाल जी जो कार्य अपने शिष्यों के द्वारा कर रहे है उससे समाज में व्याप्त कई बुराइयों से मुक्ति मिलेगी संत राम पाल जी महाराज से जुड़े सभी भक्त जन सभी प्रकार के नशे से दुर रहते है उनका यह कार्य अनुकरणीय है।

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर आशीष वचन

# धर्म सुनने-सुनाने नहीं अनुसरण के लिए है: मुनि भूतबलि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



ऋतुओं में बदलाव होता है,उसी प्रकार संत का भी आना-जाना लगा रहता है। पूर्ण विराम लगने से आवागमन बंद हो जाता है। निर्ग्रंथ के साथ स्वतःही ग्रंथ मय हुआ करते हैं। मुनिश्री की प्रत्येक चर्या स्वाध्यायमय रहती है। अभीष्ट ज्ञान युक्त होते हैं साधु। बीमार होने पर संबंधित डॉक्टर के पास जाते हैं। हमारा उद्देश्य अपने में आना और अपने मार्ग पर चलना है। हम पंथवाद में नहीं पढ़ते। धर्म सुनने-सुनाने व पढ़ने का नहीं बल्कि अनुशरण करने का है। भाव शुद्धि जरूरी है। जीवन से संत नहीं श्रावक है, संत जैसे कार्य कर सकते हैं। त्रस पर्याय हैं। वे निर्ग्रन्थ नहीं बन सकते हैं।

देव देवाकार है,पुरुषाकार नहीं। पुरुष पर्याय में आकर अपना लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। पुरुष पर्याय पवन और पावन है, जहां से हम मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज एवं मुनि सागर महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहीं। मुनिश्री ने कहा कि नापुंसक व महिला की नामी पर्याय है। पुरुष पर्याय पवन और पावन है। पर्याय के विरुद्ध कार्य न करें। भगवान का शरीर गल जाता है, लेकिन नख और केश नहीं गलते यह काफी कठोर है।इसे इंद्र आदि जलाते हैं। महाराज जी आए हैं नई रोशनी लाएं हैं।इसे समझना चाहिए। मुनि सागर महाराज ने कहा उपदेश उपदेश होते हैं, आदेश नहीं। हमारे 28 गुण,पंच महाव्रत हैं और उसका हम पालन करते हैं।हम चातुर्मास के दौरान बाल उखाड़ते नहीं है। चातुर्मास के बाद बाल उखाड़ते है। समय किसी का स्थाई नहीं होता मुगलों, अंग्रेजों का भी नहीं रहा। पूर्वजों को कम पढ़ाई के बाद भी अनुभव अधिक था। सालभर में कम से कम तीन - चार बार मुंडन बच्चे से लेकर वृद्ध तक को कराना चाहिए।काला अक्षर भैंस बराबर। आपने कहा अहिंसा और स्वच्छता का ध्यान नहीं, पड़ोसी का ध्यान रख रहे हैं। अपने जीवन में स्वाध्याय को उतारे।नरक में जाने की तैयारी कर रहे हैं लोग। सीता जैसी बनें, महिला पर्याय बदलना है तो धर्म के पथ पर चले।कम पढ़े, लेकिन अच्छा पड़े।

संस्कृति से विरत होते जा रहे हैं। करेला और नीम चढ़ा।आप सभी में प्रवचन सुनने के बाद परिवर्तन होना चाहिए। संतों का सानिध्य मिलने से पापों का क्षय होता है। भगवान की मुद्रा देखकर अपना कल्याण करें। भगवान की पूजा अर्चना व अभिषेक की भावना देखकर करने से अधिक पुण्य अर्जन कर सकते हैं। सास- बहू आउट हो रही है। सिद्ध बनने का काम करें। संत अलग-अलग आएंगे विषय एक ही रहेगा। मुनिश्री के प्रवचन नित्य सुबह 8.45 से 9.30 तक होंगे।


### 119.95 करोड़ की लागत से बनेगी 5.69 किलोमीटर बायपास सड़क

# ब्यावरा को मिली एक और बायपास की सौगात केंद्रीय मंत्री गडकरी ने वर्चुअलि किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर को एक ओर बायपास की सौगात मिल गई हैं। भोपाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअल भूमि पूजन किया हैं। बायपास निर्माण से जहां एक ओर नगर में वाहनों का दबाव कम हो जाएगा, वहीं नगर विकास को भी उम्मीदों को भी अवसर मिलेगा। प्रदेश की 10 नई परियोजना में शामिल ब्यावरा बायपास का वर्चुअल भूमि पूजन मंगलवार को भोपाल में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअली किया।

इसकी लागत 119.95 करोड़ रुपए आएगी। जिससे लोधीपुरा जोड़ से गुना बायपास एरिया तक 5.69 किलो मीटर लंबे मार्ग का निर्माण होगा। बायपास से क्षेत्र एवं स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। ज्ञातव्य है कि लंबे समय से यह प्रोजेक्ट अटका हुआ था। जमीनें चिह्नित करने के लिए चली लंबी खींचतान और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण यह लगातार टलता गया। अब फाइनली इसका काम स्वीकृत हो चुका है। नक्शे के अनुसार ब्यावरा से लगे अरन्या और हबीपुरा दो गांवों की जमीनें इसमें आ रही है, इनसे होता हुआ यह बायपास सुठालिया-ब्यावरा-सिरोंज मार्ग पर जुड़ जाएगा। जिससे काफी राहत वाहन चालकों को मिलने वाली है। हालांकि




फिलहाल काम शुरू नहीं होगा, किंतु जल्द ही इसे चालू कराने की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया हैं। जिसमें जिले के स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### दो गांवों के 90 किसानों की जमीन जाएगी

जानकारी के अनुसार गुना तिराहें से सुठालिया रोड तक बनने वाले 5.69 किलो मीटर बायपास में अरन्या और हबीपुरा की जमीनें प्रभावित हुई हैं। जिनमें करीब 90 किसानों की जमीन जुड़ी है। ग्रीन लैंड से होकर यह बायपास निकलना है। जिसकी कागजी खानापूर्ति किए जाना अभी शेष है। काम के लिए निर्माण एजेंसी फाइनल हो चुकी है, जल्द काम होने की स्थिति में है, परंतु अभी जमीनी मामले निपटने के बाद ही आगे का काम चालू किया जाएगा।

### ऐसा होगा बायपास

स्थानीय प्रशासन, पीडब्ल्यूडी-एनएच के अनुसार इस बायपास के निर्माण की लागत 119.95 करोड़ आएगी, जिसके जरिए 5.69 किलो मीटर सडक का निर्माण होगा और 12 मीटर चैड़े टू-लेन मार्ग बेनगा। इसमें 10 मीटर की सडक में 1-1 मीटर के फुटपाथ होंगे। 90 किसानों में से 55 किसानों की जमीन का निराकरण हो चुका हैं, 15 प्रक्रिया में हैं और 20 किसान अभी भी बचे हुए हैं।

### फिलहाल काम शुरू नहीं होगा....?

इस बायपास के प्रकरण में अभी भी जमीन के मामले रोड़ा बने हुए हैं। 90 किसान प्रभावित हुए हैं, सभी की कृषि योग्य भूमि है। ऐसे में उनका निपटारा होना है। वह होने तक काम शुरू नहीं हो पाएगा। 55 ही किसानों की जमीनों का निपटारा हो पाया है। 15 प्रक्रिया में हैं, 20 किसानों के मामले अलग से निपटाना है। कई में जमीनी विवाद है, कई अन्य विवाद हैं। इन सभी को क्लीयर होने और 90 प्रतिशत जमीन मिलने के बाद ही काम शुरू हो पाएगा।

## खुशियों के ओटले पर किया गया प्रतिभा सम्मान समारोह



**ब्यावरा**। सिटी पुलिस थाने के पीछे जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पर सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें अनेकों प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार जनों के सामने सम्मान कर उनकी प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया गया ओटले के संचालक डॉ सुरजीत सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर खुशियों के ओटले के बच्चों द्वारा एक अद्भुत नारी शक्ति को समर्पित प्रस्तुति दी गई थी जिसमें शामिल सभी बेटियों का ओटला परिवार द्वारा सम्मान किया गया , जिसमें ब्यावरा शहर में पहली बार इस अवसर पर बेटियों द्वारा अखाड़ा खेल कर सभी लोगों का मन मोह लिया गया था ,भारत की बेटी किसी से कम नही है को पुरुषार्थ करते हुए बेटियों ने तलवार डंडे वा चक्र चलकर अपनी बहादुरी का जोहर दिखाया ,डॉ सिंह ने बताया हमने बेस्ट ईयर स्टूडेंट अवार्ड बेस्ट टीचर अवार्ड अनुशासन अवार्ड सहित विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बच्चों का सम्मान यहां पर किया गया है ,इसमें नेहा वाल्मीकि को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड दिया गया वहीं नंदिनी कुशवाहा को बेस्ट टीचर का अवार्ड गरिमा शर्मा को बेस्ट कोऑर्डिनेटर अवार्ड सलोनी वर्मा कनक विश्वकर्मा नेहा वाल्मीकि पायल वाल्मीकि अभिषेक विश्वकर्मा दीपक जाटव प्रिया महावर ज्योति सोंधिया लक्ष्मी सोंधिया हर्षिता मेवाड़ रुपिंदर कौर शरण कौर सहित बड़ी संख्या में बेटे व बेटियों का सम्मान किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मित्तल पब्लिक स्कूल के मैनेजर संजू कुमार सोनी ने की वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ रमेश वर्मा ने की इस मौके पर विनोद साहू अनीता कौर मेहनाज खान शाहिद बड़ी संख्या में परिवारजन वह बच्चे मौजूद रहे । 'गणतंत्र दिवस पर खुशियों के ओटले के संचालक का उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मान'।

## मनरेगा मजदूरों के लिए नियमों में हुआ बड़ा बदलाव अब मजदूरों के लिए बैंक से मिलेगा पैसा



**ब्यावरा**। देशभर में नरेगा मजदूरों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है, क्योंकि सरकार ने नरेगा का भुगतान करने के नए नियमों का एलान किया है। इस नए फरमान के तहत, अब मजदूरों को उनकी मजदूरी का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में जमा किया जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी या कालाबाजारी को रोका जा सकेगा। सरकार द्वारा जारी किए गए नए नियमों के अनुसार अब सभी मनरेगा मजदूरों को उनके किए गए काम का पैसा आधार कार्ड के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। यह नया नियम मजदूरों को सीधे और निष्कर्ष रूप से उनके हक का लाभ दिलाने का माध्यम बनेगा और धोखाधड़ी को कम करने में मदद करेगा। मजदूरों की मजबूती के बावजूद, कई बार ऐसा होता था कि मजदूरों को उनकी मजदूरी का मूल्य सही से नहीं मिलता था और इसमें ग्राम प्रधान या अन्य स्थानीय अधिकारी का हस्तक्षेप होता था। इस समस्या को हल करने के लिए नए नियमों को लागू किया गया है, जिससे हर मजदूर को उसकी कमाई सीधे उसके खाते में मिलेगी। इस नए नियम के अनुसार, मनरेगा मजदूरों को उनकी मजदूरी का मूल्य सीधे उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाएगा। इसके लिए आधार कार्ड का प्रयोग किया जाएगा, जिससे सभी लेन-देन का स्पष्ट रूप से निरीक्षण हो सकेगा।

### गड़बड़ी पाई गई तो होगी कार्रवाई

केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत काम करने वाले सभी ग्राम प्रधानों और अन्य उच्चाधिकारियों की गतिविधियों की जाँच करने का निर्णय लिया है। इस नए नियम के तहत, यदि किसी ग्राम प्रधान या अधिकारी के खिलाफ किसी भ्रष्टाचार की कोई शिकायत मिलती है तो, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और पूरा पैसा वसूला जाएगा। इसके अलावा, नए नियमों के अनुसार डाटा फाइलों की चेकिंग की जा रही है, जिससे पिछले कुछ सालों में हुए घोटालों का पता लगाया जा सकेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकेगी। इससे नरेगा के क्षेत्र में भ्रष्टाचार को रोकने में मदद मिलेगी और स्थानीय स्तर पर उच्चतम ईमानदारी और निष्कर्षता को बढ़ावा मिलेगा।

### जहर खाकर अधेड़ ने दी जान

**ब्यावरा**। राजगढ़ तहसील के ग्राम लक्ष्मणपुरा निवासी मोरसिंह पिता काशीराम उम्र 50 साल ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार को जहर खा लिया। परिजन उसे ब्यावरा के एक निजी अस्पताल में लेकर आए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सिटी थाना पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और प्रकरण कायम कर मामले को जांच में लिया।

### महाविद्यालय में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

**ब्यावरा**। स्थानीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय महाविद्यालय में शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. आरके गुप्ता ने मद निषेध की शपथ दिलाई तथा दो मिनिट का मौन भी धारण किया गया। इसमें महाविद्यालयीन परिवार के साथ ही एनसीसी, एनएसएस एवं अन्य विद्यार्थियों शामिल हुए।

## मालवीय का अधिवक्ता मंच संभागीय मीडिया प्रभारी मनोनित होने पर किया सम्मान



**शुजालपुर**। बुधवार को स्थानीय शुजालपुर न्यायालय परिसर स्थित डॉ बीआर अंबेडकर पार्क में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रकुमार वलेजा ने मंच प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सेना की सहमति से मंच संभागीय मीडिया प्रभारी के रूप में शुजालपुर के युवा एडवोकेट अमित मालवीय पत्रकार को नियुक्त किया गया है। मालवीय की नियुक्ति पर शुजालपुर न्यायालय परिसर स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर पार्क में साफा पहनाकर मोतियों की माला से स्वागत सम्मान करते हुए अधिवक्ता मंच को और भी अधिवक्ताओं के हितों में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर मंच शहर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिसौदिया, वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप गुर्जर, मांगीलाल मालवीय, विष्णु राठौर, जितेंद्र मेवाड़ा, श्रीमती पिंकी अग्रवाल, ज्योति भिमावत, प्रतिभा मेवाड़ा, जीवन बामनिया, रजनीश भर्मेरिया, नरेंद्र मालवीय आदि अधिवक्ता मंच के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### ग्राम बागौरी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का पांचवां दिन

## विकारों के कारण बढ़ रहे हैं पापाचार, अत्याचारः सुरेखा दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विष्व विद्यालय के तत्वावधान में ग्राम बागौरी में सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता प्रवचन के पांचवे दिन राजयोगिनी सुरेखा दीदी ने कहा कि मनुष्य के दुख का मूल कारण विकार है। मानव का आदिकाल बहुत श्रेष्ठ था, जब हम इस धरा पर आए तो वह समय सतयुग का था। मानव देव स्वरूप में था। धीरे-धीरे समय के परिवर्तन के साथ सतयुग से त्रेतायुग का समय आया तब भी मानव में पवित्रता, सुख, शांति ,आनंद, खुशी से संपन्न था। इस कालचक्र में यह आधा समय स्वर्ग



कहलाता था जब द्वापर युग प्रारंभ हुआ तो मानव में 16 कला से आठ कला रह जाती है। तब मानव काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि विकारों के वशीभूत हो जाता, तब इस संसार में पापाचार, भ्रष्टाचार, दुराचार, अत्याचार बढने लगे। इससे बचने के लिए संसार में धर्म गुरुओं के द्वारा शांति, प्रेम, अहिंसा, दया का पाठ पढ़ाया गया। वर्तमान में जनसंख्या विस्फोट, बढ़ता प्रदूषण, प्राकृतिक असंतुलन, मिलावट, बनावट, भ्रष्टाचार आदि अपनी चरम सीमा पर है। यह वह धर्मग्लानि का समय आ गया है, जो गीता में वर्णित है ऐसे में सृष्टि का उद्धार करने के लिए पतित पावन सर्व के सद्गतिदाता परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर ईश्वरीय ज्ञान और सहज राजयोग सीखते हैं। जिससे यह संसार कलयुगी नर्क से बदल सतयुगी स्वर्ग बनेगा। मनुष्य को अपनी अंतरात्मा की आवाज को अवश्य ही सुनना चाहिए, क्योंकि यही हमारा सच्चा मित्र है। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव, समाजसेवी मुकेश सेन, बिहारीलाल चैधरी उपाध्यक्ष सेवा भारती, डॉ. अशोक अग्रवाल व नवयुवक समिति बागौरी के युवाओं द्वारा श्रीमद् भगवत गीता की आरती व पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## अखाड़े में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं का खुशियों के ओटले पर किया समारोह पूर्वक सम्मान

**ब्यावरा**। सिटी पुलिस थाने के पीछे जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें अनेकों प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार जनों के सामने सम्मान कर उनकी प्रतिभाओं का उत्साह वर्धन किया गया। ओटले के संचालक डॉ. सुरजीतसिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर खुशियों के ओटले के बच्चों द्वारा एक नारी शक्ति को समर्पित प्रस्तुति दी गई थी, जिसमें शामिल सभी बेटियों का ओटला परिवार द्वारा सम्मान किया गया। शहर में पहली




बार बेटियों द्वारा अखाड़ा खेलकर लोगों का मनमोह लिया था, भारत की बेटी किसी से कम नही है को पुरुषार्थ करते हुए बेटियों ने तलवार डंडे व चक्र चलकर अपनी बहादुरी का जोहर दिखाया। डॉ. सिंह ने बताया कि हमने बेस्ट ईयर स्टूडेंट, बेस्ट टीचर, अनुशासन अवार्ड सहित विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी बच्चों का सम्मान किया गया। इसमें नेहा वाल्मीकि को बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड दिया गया, नंदिनी कुशवाहा को बेस्ट टीचर का अवार्ड, गरिमा शर्मा को बेस्ट कोऑर्डिनेटर अवार्ड, सलोनी वर्मा, कनक विष्वकर्मा, नेहा वाल्मीकि, पायल वाल्मीकि, अभिषेक विष्वकर्मा, दीपक जाटव, प्रिया महावर, ज्योति सौंधिया, लक्ष्मी सौंधिया, हर्षिता मेवाड़े, रुपिंदर कौर, शरण कौर सहित बड़ी संख्या में बेटे व बेटियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष मित्तल पब्लिक स्कूल के मैनेजर संजू कुमार सोनी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. रमेश वर्मा थे। इस मौके पर विनोद साहू, अनीता कौर, मेहनाज खान, शाहिद बड़ी संख्या में परिवारजन वह बच्चे मौजूद रहे।

## ओडीएफ प्लस मॉडल में प्रथम आने पर सारंगपुर जपं सीईओ सिंह को मिला प्रशस्ति पत्र



**सारंगपुर**। जनपद पंचायत सारंगपुर में पदस्थ जनपद पंचायत सीईओ प्रमोद कुमार सिंह को विभागीय उत्कृष्ट कार्य करने हेतु गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। जिले की प्रथम पंचायत 22 जनवरी 2024 को संपूर्ण ग्रामों को ओडीएफ माडल करते हुए जिले की प्रथम जनपद पंचायत सारंगपुर माडल घोषित होने पर उन्हें सम्मानित किया गया है। ज्ञात हो कि सारंगपुर जनपद पंचायत जिले की एक मात्र ऐसी पंचायत है जिसे स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस दोनों राष्ट्रीय पर्व पर सम्मानित किया गया। इसमें उन्हें 183 का लक्ष्य था जिसमें उन्होंने 183 यानि लक्ष्य से पुरा किया। उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 31 मार्च 2023 तक ओडीएफ प्लस की किसी श्रेणी में ओडीएफ प्लस घोषित पंचायत को राशि 1 लाख रुपये एवं माडल श्रेणी में ओडीएफ प्लस जनपद पंचायत को 3 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि आईईसी मद से पीएफएमएस पोर्टल पर सारंगपुर जनपद पंचायत को प्रदान की गई हैं। इसके लिए यह पुरुस्कार दिया गया है। इस मौके पर जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित, जिपं सीईओ अक्षय तेम्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### नपा वैकल्पिक व्यवस्था में जुटी, जल संग्रहण के लिए भी टंकियों का जरूरत

# पेयजल व्यवस्था चरमराई, लोगों को नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

गर्मी का मौसम अभी दूर हैं, इसके बाद भी ब्यावरा शहर के रहवासियों को पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा हैं। कई क्षेत्रों में एक सप्ताह में एक बार जल आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में लोगों को पैसे खर्चकर पानी खरीदना पड़ रहा हैं। हालात कब सुधरेंगे, इसका स्पष्ट जबाव किसी के पास नहीं हैं। हालांकि नगर पालिका का कहना है कि शहर की जलप्रदाय व्यवस्था सुचारू हो सकें, इसके लिए वैकल्पित उपाय खोजे जा रहे हैं। जल्द ही ब्यावरा शहर में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

### जलीय मोटरें से गड़बड़ाई व्यवस्था

शहर में कुशलपुरा व घोड़ापछाड़ से जल प्रदाय किया जाता हैं, लेकिन पिछले सप्ताह एक साथ कई मोटरें जलने से टंकियों में पानी एकत्रित नहीं हो सका। फलस्वरूप पूरे शहर में जल संकट खड़ा हो गया हैं। सोमवार को मोटरें सुधरने के बाद टंकियों में पानी इकट्ठा कर जल प्रदाय व्यवस्था बहाल की गई।

### पर्याप्त पानी के बाद भी जल संकट

ऐसा नहीं हैं कि ब्यावरा शहर के लिए जल उपलब्ध नहीं हैं, शहर के नजदीक कुषलपुरा में पर्याप्त पानी हैं, लेकिन खराब जल प्रबंधन व संग्रहण क्षमता की कमी के चलते शहर में हमेषा जल संकट व्याप्त रहता हैं। इसके साथ



साथ प्याप्त संख्या में टंकियों के न होने से भी हालात नहीं सुधर पा रहे हैं। संग्रहण क्षमता के वृद्धि किए वगेर शहर की जल व्यवस्था नहीं सुधर सकती। गुलाबषाह की बावड़ी क्षेत्र में बन रही टंकी 6 वर्ष में भी पूर्ण नहीं हो सकी हैं, अगर यह टंकी समय पर निर्मित हो जाती तो सुठालिया रोड क्षेत्र की बस्तियों को राहत मिल सकती थी, इसके अलावा जल आवर्धन योजना के तहत 10 करोड़ की लागत से डाली गई पाइप लाइन गुणवत्ताहीन होने के कारण कई स्थानों पर फूटी



हुई हैं। ऐसे में पहले से ही जल संकट से जुझ रहे शहर में पानी का अपव्यय हो रहा हैं। पाइप लाइन डालने वाली कंपनी षिकायत किए जाने पर भी सुधारीकरण कार्य नहीं कर रही हैं। इनका कहना है कि नपा द्वारा अभी तक उनकों पूर्ण राषि का भुगतान नहीं किया गया हैं। कुल मिलाकर शहर पिछले 40 वर्षां से जल संकट का दंष भुगत रहा हैं, लेकिन उचित प्रबंधन और योजना का अभाव रहने से जल संकट का समुचित हल नहीं हो पाया है।

### मोहनपुरा डेम से लाएंगे पानी

शहर के जल संकट के संबंध में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुषवाह ने बताया कि मोहनपुरा एक वृहद परियोजना हैं और वहां प्रचूर मात्रा में जल उपलब्ध हैं। इसका बेकवाटर ब्यावरा शहर से 10 किलो मीटर दूर हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए हमारे द्वारा शासन को 10 करोड़ की लागत से मोहनपुरा से ब्यावरा तक पाइप लाइन बिछाने की प्रोजेक्ट रिपोर्ट स्वीकृति के लिए भेजी गई हैं। हमें उम्मीद हैं कि जल्द ही इसे स्वीकृत किया जाएगा। इसके अलावा शहर के दूसरे क्षेत्रों में टंकियों के निर्माण के लिए समग्र योजना तैयार की गई है और बजट स्वीकृत होते ही इनका निर्माण होगा। टंकियों के निर्माण के बाद जल व्यवस्था में निष्चित ही आषातीत सुधार होगा।